# पौधे देते हैं पीढ़ियों को स्वच्छ भविष्य : मंत्री

- लोक कल्याण के लिए विभाग की नई सोच
- पीडब्ल्यूडी ने एक दिन में रोपे 2 लाख से अधिक पौधे



**भोपाल, 1 जुलाई. हरित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने मंत्री राकेश सिंह की अगुवाई में ऐतिहासिक पौधरोपण महाअभियान का शुभारंभ किया.**

एक दिन में विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में 2 लाख से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कीर्तिमान स्थापित किया है. कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि पौधरोपण सिर्फ औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य देने का हमारा दृढ़ संकल्प है. उन्होंने कहा कि प्रारंभ में जहां 1 लाख पौधों का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन संख्या इससे बढ़कर 2 लाख से अधिक पौधों तक पहुंच गई. यह ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि है जो सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाती है. मंत्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग अब केवल भौतिक संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि जल संरक्षण, हरित तकनीकों के उपयोग और पारिस्थितिकी संतुलन को कार्यशैली में प्राथमिकता दे रहा है.

> मंत्री सिंह ने कहा कि इस पौधारोपण को वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ा गया है. प्रत्येक पौधे की सैटेलाइट मॉनिटरिंग की योजना बनाई गई है, जिसमें अहमदाबाद स्थित भास्कराचार्य संस्थान का सहयोग प्राप्त हो रहा है. इसके माध्यम से पौधों की वृद्धि और संरक्षण की डिजिटल निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी. यह वृक्षारोपण सड़क किनारे, विभागीय भवन परिसरों, तालाबों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किया गया है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा मिलेगा. उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है, ऐसे समय में यह प्रेरक उदाहरण बनेगी.

उन्होंने कहा कि अब पर्यावरणीय संतुलन को अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है. उन्होंने कहा कि विकास की तेज़ रफ्तार के साथ प्रकृति का संरक्षण अब प्रत्येक अभियंता और अधिकारी की सामूहिक जिम्मेदारी है.

# 130 आवेदकों ने लगाई न्याय की गुहार

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में छात्राओं को दी पुस्तकें



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 1 जुलाई. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई में आए 130 नागरिकों की समस्याएं सुनीं.**

इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया. जनसुनवाई में आए नागरिकों से 130 आवेदन प्राप्त हुए. इस मौके पर एडीएम भूपेन्द्र गोयल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. जनसुनवाई में कलेक्टर सिंह ने जसीका सोनगिरे एवं मीनाक्षी सोनगिरे को कक्षा - 9वीं एवं 10वीं की पाठय पुस्तकें प्रदान की.

> जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया. उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए. उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए.

# डेंगू नियंत्रण पर नियंत्रण पाएं

## एडवोकेसी कार्यशाला का आयोजन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 1 जुलाई. राजधानी के गांधी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को डेंगू निरोधक माह के तहत कार्यशाला का आयोजन हुआ.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनीष शर्मा के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव द्वारा यह आयोजन किया गया. राष्ट्रीय वाहक जनित कार्यक्रम के तहत कार्यशाला में जानकारी दी गई. इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.मनोज निगम द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई. कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा समस्त आशा सुपरवाइजर को वेक्टर जनित बीमारियों की जानकारी देते हुए डेंगू नियंत्रण एवं बचाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए जिससे क्षेत्र मे डेंगू नियंत्रण में विशेष प्रयास लक्षित हो. ग्रामीण क्षेत्र में आशा द्वारा लार्वा सर्वे करने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई.

क्षेत्र भ्रमण के दौरान लार्वा सर्वे कर रही टीम के साथ एडीज मच्छर की ब्रीडिंग साइट्स जैसे कंटेनर, बेकार पड़े टायर,नारियल के खोल, कबाड़ा, अनुपयोगी सामान आदि भी देखे जाएं, क्योंकि एडीज मच्छर एक कंटेनर ब्रीडर है.

# स्कूलों की मनमानी का मामला पहुंचा कलेक्ट्रेट

- जनसुनवाई में कांग्रेस नेता त्रिपाठी ने की मांग

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 1 जुलाई. राजधानी में निजी स्कूल की मनामानी पर कार्यवाही को लेकर अधिकारियों से मांग की गई. मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने मंगलवार को निजी स्कूल पर कार्यवाही की मांग की.**

कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान इस मामले में कार्यवाही की माँग करते हुए त्रिपाठी ने नारायणा स्कूल सहित कई बड़े निजी स्कूलों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए.



त्रिपाठी ने अपनी शिकायत में स्पष्ट किया कि ये स्कूल कुछ चुनिंदा दुकानों से अत्यधिक कीमतों पर ड्रेस, किताबें और स्टेशनरी खरीदवाने के लिए अभिभावकों पर अनैतिक दबाव बना रहे हैं. इन दुकानों के पास न तो वैध रजिस्ट्रेशन है, न ही जीएसटी बिल दिए जाते हैं. यह पूरा तंत्र कमीशनखोरी और टैक्स चोरी पर आधारित है, जिससे शिक्षा एक माफिया कारोबार बन चुकी है. विवेक त्रिपाठी ने जनसुनवाई के दौरान प्रशासन से माँग की कि जैसे जबलपुर में शिक्षा माफिया और स्कूल संचालकों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई हुई.

> उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक शोषण नहीं बल्कि संविधान प्रदत्त शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन भी है. स्कूलों और दुकानों की सांठगांठ अभिभावकों की जेब पर सीधा हमला है. जनसुनवाई के दौरान एडीएम निधि चौकसे ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से जिला शिक्षा अधिकारी को फटकार लगाई और साक्ष्यों के आधार पर जांच के निर्देश दिए. प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम अर्चना शर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार को संयुक्त रूप से मामले की जांच सौंप दी है.



# बीएचईएल की सभी यूनिटों में मीटिंग कर दर्ज किया विरोध

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 1 जुलाई. भारतीय मजदूर संघ के भेल महासंघ के केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान पर बीएचईएल की सभी यूनिटों में गेट मीटिंग कर मंगलवार को विरोध दर्ज किया.**

हेवी इलेक्ट्रीकल्स वर्कर्स यूनियन संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने 18 जुलाई को दिल्ली में आयोजित होने वाली संयुक्त समिति की बैठक में पीपीपी बोनस व कर्मचारियों के अन्य ज्वलंत समस्याओं को जेसीएम के एजेंडे में स्पष्ट नहीं किया है. जिसे लेकर विरोध किया गया. इसी क्रम में हेवू बीएमएस ने कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी के नेतृत्व में महाप्रबंधक मानव संसाधन टीयू सिंह को संयुक्त समिति के एजेंडे में पीपीपी को शामिल करने ज्ञापन दिया.

हेवू बीएमएस के महामंत्री कमलेश नागपुरे ने फाउंड्री गेट नं 5 क्रांति स्थल से कर्मचारियों को संबोधित करते कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में बीएचईएल भोपाल ने 4278 करोड़ का उत्पादन लक्ष्य को इन्हीं श्रमिकों के भागीरथी प्रयास से पूरा किया और 272 करोड़ का कर पूर्व लाभ कमाया है. प्रबंधन को अब वित्त वर्ष 25-26 के उत्पादन लक्ष्य 4400 करोड़ को पूरा करने से पहले पीपीपी बोनस देकर कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना चाहिए.

> पीएसईएनसी के उप महामंत्री विनोद विशे ने भेल महासंघ में पारित प्रस्ताव पर बताया कि भारतीय मजदूर संघ का केंद्रीय नेतृत्व ने केंद्र सरकार प्राइस प्रेफरेंस पॉलिसी जल्द लागू करने की मांग की ताकि सरकारी उपक्रम को ऑर्डर लेते समय 10त्न कम में प्रेफरेंस मिले जिससे ऑर्डर भेल को मिल सके. डीए 119त्न पूर्व की तरह बढ़े, भेल में आर्टिजन की नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू कर उसे ड्रिप सिस्टम के अनुसार निरंतर चले यह मांग रखी. इस द्वारा सभा में वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी और सैकड़ों देवदुर्लभ कर्मचारी व देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लें लाभ

## कार्यशाला में लोगों को जागरुक करने किया प्रेरित, पोर्टल पर करें आवेदन



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 1 जुलाई. मप्र में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. मंगलवार को इस संबंध में कार्यशाला का आयोजन भी किया गया. इस मौके पर ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के एमडी अमनवीर सिंह बैंस ने जानकारी साझा की.**

> एमडी बैंस ने बताया कि मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड और नॉलेज पार्टनर काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर ने साथ मिलकर मंगलवार को पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के तहत मध्यप्रदेश में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिये कार्यशाला का आयोजन किया. इसमें मीडिया को राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने वाले प्रावधानों, इसमें मौजूद संभावनाओं और मध्यप्रदेश को सौर ऊर्जा संपन्न बनाने के प्रयासों की जानकारी दी गई.

उन्होंने कहा है कि ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में प्रदेश निरंतर बेहतरीन कार्य कर रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रधानमत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने के लिये शासन प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहा है. उन्होंने बताया कि 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने पर शासन द्वारा 78 हजार रूपये की सब्सिडी का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है. एमडी बैंस ने जनता से अपील की है कि पीएम सूर्य घर पोर्टल पर अधिक से अधिक आवेदन करें.



# बीएमएचआरसी में मेडिकल कॉलेज

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 1 जुलाई. सांसद आलोक शर्मा ने विश्व डाक्टर्स डे पर समारोह में हिस्सा लिया. सांसद शर्मा ने हृदय विभाग की नई ईकोकार्डियोग्राफी मशीन का उद्घाटन किया.**

उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभिपन अंतर्गत परिसर में औषधीय पौधा भी रोपा. इस अवसर पर संस्थान के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं प्रबंधन के लोग रहे. इस मौके पर उन्होंने कहा कि भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएमआरसी) में जल्द ही मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा.

सांसद शर्मा ने प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव को इसका प्रस्ताव बनाने को कहा है. उन्होंने कहा कि भोपाल शहर की आबादी बढ़ गई है. बीएमएचआरसी में गैस पीड़ितों का इलाज लंबे समस्य से चल रहा है.

# उत्कृष्ट संस्थान में विद्यार्थियों का अभिनंदन

**भोपाल, 1 जुलाई. उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में मंगलवार को नवीन सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

संस्थान में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा से किया गया. संस्थान के नवीन विद्यार्थियों को संस्थान की उपलब्धियों, परंपराओं एवं सुविधाओं से परिचित करवाने के उद्देश्य से स्नातक व स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के साथ समस्त संकायों के प्राध्यापक भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने सरस्वती वंदना के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया.




> शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नव प्रवेशितों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें प्रेषित की. समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शैलजा दुबे ने विद्यार्थियों को संस्थान के पुस्तकालय, एनएसएस इकाई, एनसीसी इकाई आदि अन्य मूलभूत शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक सुविधाओं एवं गतिविधियों से परिचित करवाया. तत्पश्चात प्रत्येक विभाग के विभिन्न प्राध्यापकों ने अपने विभाग का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया. दीक्षारम्भ के माध्यम से संस्थान में प्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान की परंपरा में घुलने-मिलने एवं भविष्य निर्माण की रुपरेखा बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ.



## बारिश की भेंट चढ़ गई सड़क

**भोपाल.** भोपाल में करोंद क्षेत्र के देवकी नगर में कच्ची सड़कें इन दिनों बारिश की भेंट चढ़ रही है. यहां सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से जलभराव की समस्या भी बनी है. जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है.

# जर्जर आवासों को तोड़ने की कार्यवाही

## अतिक्रमण निरोधक दस्ते हटाए ठेले किए जब्त

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 1 जुलाई. राजधानी के जवाहर चौक स्थित 228 क्वार्टर क्षेत्र में शासकीय जर्जर आवासों को जेसीबी मशीनों के माध्यम से मंगलवार को तोड़ा गया.**

निगम आयुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने भारत माता चौराहा, 10 नंबर स्टॉप, अरेरा कालोनी, बिट्टन मार्केट, बाग मुगालिया, शाहपुरा शैतान सिंह चौराहा, लिंक रोड नंबर 01, 02 एवं 03. जवाहर चौक, सरस्वती नगर, कोलार रोड, अमलतास चौराहा, स्वामी विवेकानन्द चौराहा, आलोक धाम, विनीत कुंज, डी-सेक्टर अयोध्या नगर, मिनी मार्केट, बायपास रोड, खेजड़ा, मंगलवारा,




हमीदिया रोड, अशोका गार्डन सब्जी मण्डी, गांधी नगर आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अयोध्या नगर छप्पर, शैतान सिंह चौराहा क्षेत्र में नाली के ऊपर अवैध रूप से बनी सीढ़ियां, फर्शी एवं चबूतरा जे.सी.बी के माध्यम से तोडा तथा कोलार रोड स्थित विनीतकुंज पार्क में लगी बांस-बल्ली एवं नेट हटाने की कार्यवाही की. अमले ने शहर के अन्य क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले एवं सड़क पर फैला सीएंडडी वेस्ट हटवाने की कार्यवाही की और 1 ठेला, 1 काउंटर, 13 कुर्सियां, 5 कैरेट आदि जप्त किए.

**बैठक** ▶ पटेल नगर कॉलोनाईजर के विरूद्ध एफआईआर कराने के निर्देश

# आवंटियों की समस्या का शीघ्र करें निराकरण : गौर

**भोपाल, 1 जुलाई. रायसेन रोड स्थिति पटेल नगर कालोनी के कॉलोनाईजर के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होगा. प्रकरण दर्ज कराने के लिए पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए.**

राज्यमंत्री गौर मंत्रालय में गोविंदपुरा क्षेत्र की सर्वोदय गृह निर्माण सहकारी संस्था, अग्रोहा गृह निर्माण समिति, कुंजन गृह निर्माण समिति, पटेल नगर कॉलोनी और रहवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए



संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर रहीं थी. राज्यमंत्री गौर ने पटेल नगर में स्कूल, खेल मैदान, पार्क के लिए छोड़े गए भू-खंडों पर कॉलोनाईजर ने प्राईमरी स्कूल के एक भू-खंड को निजी तौर पर विक्रय कर दिया. नगर निगम के स्वामित्व के इन भू-खंड को विक्रय करने का अधिकार कॉलोनाईजर को नहीं है. यह कृत्य आपराधिक है. इसको ध्यान में रखते हुए राज्यमंत्री गौर ने नगर निगम के अधिकारियों को कॉलोनाईजर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि कॉलोनाईजर द्वारा विक्रय भू-खंड की रजिस्ट्री को शून्य किया जाए. इसके साथ ही कॉलोनाईजर अन्य ओपन एरिया को विक्रय नहीं कर सके इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित करें.

> राज्यमंत्री गौर ने सर्वोदय गृह निर्माण सहकारी संस्था खजूरी में आवंटियों और संस्था के पदाधिकारियों के बीच कॉलोनी की समस्या के निराकरण और आवंटियों को उनका वास्तविक हक दिलाने के लिए संयुक्त आयुक्त, सहकारिता भोपाल को कार्रवाई करने के निर्देश दिए. उन्होंने उप आयुक्त सहकारिता से कहा कि वह आवंटियों और सहकारी संस्था के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या का निराकरण कराना सुनिश्चित करें. बैठक में अग्रोहा गृह निर्माण समिति नर्मदापुरम रोड की सीवेज और सड़क निर्माण के लिए रहवासियों के साथ समन्वय कर अधिकारियों को कार्य करने के लिए कहा. इसी प्रकार कुंजन गृह निर्माण संस्था नर्मदापुरम रोड में फेस-1 और फेस-2 में सीवेज और रोड के विकास के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.

## विद्यार्थियों को करना होगा वन टाइम रजिस्ट्रेशन

**भोपाल.** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य किया गया है. कक्षा 9वीं से महाविद्यालयीन स्तर तक अध्ययनरत विद्यार्थी, जिन्हें केंद्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनकी निर्धारित वार्षिक पारिवारिक आय 2.50 लाख से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है. विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लिए जाने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा.



# राशन दुकानों पर चल रही मनमानी

## कलेक्टर के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 1 जुलाई. स्वच्छ और शुद्ध खाद्य सामग्री सुनिश्चित करने की दिशा में भोपाल जिला प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है.**

शाहजहानाबाद की शासकीय राशन दुकान संचालक पर उपभोक्ताओं द्वारा गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं. शहर के वार्ड नंबर 8 प्रिंस कॉलोनी में संचालित न्यू सौरभ नाम की शासकीय उचित मूल्य की दुकान के खिलाफ लोग शिकायतें कर रहे है. संचालक पर गंभीर अनियमितताओं और उपभोक्ता उत्पीड़न के मामले को लेकर महिलाओं ने आरोप लगाया है. महिलाओं का कहना है कि राशन वितरण के दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है.